
### एक नजर में

## इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में अन्नकूट महोत्सव मनाया



**कुक्षी।** इच्छापूर्ण हनुमानजी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ.इस मौके पर मंदिर में आकर्षक साज सज्जा के साथ विशेष रूप से भगवान को छप्पन भोग अर्पित किये गये. शाम 7:30 बजे मंदिर में महाआरती के दौरान भक्तों नें जमकर आतिशबाजी और फटाखे फो?े जिससे माहौल भक्तिपूर्ण हों गया। महोत्सव में सैक?ों श्रद्धालुओं शामिल होकर कई सब्जियों के मिक्सवेज रामभाजी के साथ भोजन प्रसादी गृहण की.मंदिर उत्सव समिति सदस्यों नें बैठक भोजन व्यवस्था के साथ भोजन प्रसादी को गा?ी से घर घर वितरण भी किया। आयोजन में मंदिर उत्सव समिति के रविंद्र गुप्ता रायल,सुनील गुप्ता,संतोष गुप्ता,सोनू गुप्ता,चिराग गुप्ता आदि के साथ बालाजी महिला मंडल से जुडी महिलाओं नें सक्रिय भूमिका निभाई।नगर में अनेक मंदिरो में दीपावली के बाद से अन्नकूट महोत्सव आयोजित हों रहे है।

## थाना कानवन ने अवैध ब्राउन शुगर तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**धार।** पुलिस अधीक्षक धार मयंक अवस्थी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार पारुल वेलापुरकर के द्वारा सम्पूर्ण जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करों की धरपकड़ कर लगातार कार्रवाई की जाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके तारतम्य में 29 अक्टूबर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बिडवाल रोड, भोइंदा फाटा कच्चे रास्ते पर अवैध रूप से ब्राउन सुगर स्मैक की तस्करी करने वाला है। मुखबिर की सूचना पर श्रीमान स्छ्रह्लक्क महोदय बदनावर श्री अरविन्दसिंह तोमर के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक गगन हनवत थाना प्रभारी कानवन द्वारा टीम गठित कर मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु भोइंदा फाटा बिडवाल रोड पहुंचकर एक व्यक्ति को पकडा जिसने अपने नाम वीरेन्द्रसिंह पिता धारासिंह गोयल जाति राजपूत उम्र 29 साल निवासी चौपाटी कानवन थाना कानवन जिला धार का होना बताया, जिसकी तलाशी पर उसके पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर (स्मैक) कीमती करीब 20 हजार रुपये जप्त की गई एवं आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी को माननीय न्यायालय पेश कर पीआर प्राप्त कर आरोपी से अन्य तस्करों के सम्बंध में एवं लाये गये माल के सम्बंध में पूछताछ की जा रही है। जप्त मश्रुका ङ्क 10 ग्राम ब्राउन सुगर कीमती करीब 20 हजार रुपये

**गिरफ्तार आरोपी** - 1. वीरेन्द्रसिंह पिता धारासिंह गोयल जाति राजपूत उम्र 29 साल निवासी चौपाटी कानवन थाना कानवन जिला धार उक्त कार्यवाही में मुख्य भूमिका उप पुलिस अधीक्षक गगन हनवत, उप निरीक्षक अरुण कुमार मिश्रा, सउनि राजू भाटिया, प्रधान आरक्षक 30 रामेन्द्रसिंह, आरक्षक 1033 नवीन, आरक्षक 1105 गजेन्द्र का विशेष योगदान रहा।

## मध्य प्रदेश स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया





**सिघाना** -मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर 1नवंबर को जूनियर बालक छात्रावास सिंघाना छात्रावास में स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के सिंघाना मण्डल अध्यक्ष प्रकाश पाण्डे उपस्थित हुए और कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमति रुकमा रवि मुवेल ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद प्रतिनिधि राजू परिहार, मगनसिंह भाटिया, भगवान मुकाती, घनश्याम नागर ,पत्रकार विजय राठौर , बबलू ठाकुर ,संदीप सेप्टा ,दिलीप राठौड़ ,विनोद सरगरा, गौतम परिहार ,मनीष पाटीदार मनोहर परमार उपस्थित हुए।इस अवसर पर बालक छात्रावास के विद्यार्थी द्वारा संस्कृती प्रेरक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर पारंपरिक मांदल ढोल बजाकर मंचासिन किया गया। मां शारदा देवी पूजन अर्चन कर दीप प्रज्ज्लवित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथि उद्बोधन में समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई। छात्रावास दिवस पर बच्चों को आदर्श विद्यार्थी के रूप में शिक्षा ग्रहण कर उज्वल भविष्य निर्माण हेतु प्रेरित किया गया। खेलकूद में विजेता और श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम वाले विद्यार्थियों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मुकेश मेहता ने किया आभार छात्रावास अधीक्षक कैलाश निगवाल ने किया इस अवसर पर स्कूल की छात्र-छात्राएं एवं सभी शिक्षक गण उपस्थित है...!

## आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत महिला सम्मेलन आज

**धार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व केंद्रीय संगठन के निर्देशनुसार जीएसटी एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रबुद्धजन , व्यापारी , उद्यमी एवं उपभोक्ताओं हेतु जिला महिला सम्मेलन का आयोजन रविवार को दोपहर 1 बजे भाजपा जिला कार्यालय पर किया जा रहा है जिसमें केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर जिला अध्यक्ष भाजपा महंत निलेश भारती विधायक धार नीना विक्रम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे ।

# देवउठनी एकादशी पर बाबा श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



**मनावर** / देवउठनी एकादशी के पावन पर्व पर मनावर के समीप स्थित श्री खाटू श्याम बैकुंठ धाम मंदिर मैं प्रात: 4:00 बजे से ही हजारों श्याम भक्तों की भीड़ जूटना शुरू हो गई। बाबा श्याम के भक्तों के नयन बाबा श्याम के दर्शन को आतुर दिखाई देने लगे। अपने हाथों में पूजा की थाल, श्रीफल, मिठाई व अन्य प्रसादी लेकर बाबा श्याम के ध्वज के साथ कतारबद्ध अनुशासित होकर एक-एक करके श्याम भक्त बाबा श्याम का पूजन अर्चन करते नजर आ रहे थे। पूरा मंदिर परिसर बाबा श्याम के नारों से गुंजित होकर वातावरण श्याम की भक्ति में रंग चुका था। महिलाओ द्वारा बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति और नृत्य ने एक अद्भुत वातावरण निर्मित कर दिया था। पूरे मंदिर को आकर्षक विद्युत लड़ियों, केसरिया और रंग बिरंगी श्याम नाम ध्वज पताकाओ, पुष्पमाला रंग बिरंगी छतरियों, तोरणहार और रंगोली से सजाया गया। मंदिर में स्थित बाबा श्याम, कुबेर भगवान, कृष्ण भगवान, विष्णु भगवान और मां लक्ष्मी की प्रतिमा को आकर्षक और मनमोहक रूप से श्रृंगारित किया गया। यह सब मिलकर बहुत ही मनमोहक और खूबसूरत दृश्य दृष्टिगोचर हो रहा था। प्रत्येक श्याम भक्त के मन में भक्ति, उल्लास, उमंग और उत्साह की लहरें हिलोरे मार रही थी। सभी बाबा श्याम के दर्शन पाकर अपने आप को पुण्यशाली और भाग्यवान समझ रहे थे।

मंदिर के पंडित श्री कपिल जी शास्त्री ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार देवउठनी एकादशी का अपने आप में बहुत महत्व है। इस दिन बाबा श्याम के दर्शन करने से विशेष फल की प्राप्ति के साथ भक्तों की बाबा श्याम समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसे बाबा श्याम के जन्मोत्सव के रूप में प्रतिवर्ष श्याम भक्त धूमधाम से मनाते हैं। देव उठनी एकादशी पर चार माह बाद भगवान विष्णु योग निंद्रा से उठते हैं और फिर से संसार के संचालन की बागडोर थाम लेते हैं। इस दिन से ही शादी ,विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों की शुरुआत भी होती है

मंदिर से जुड़े श्याम भक्त विश्वदीप मिश्रा ने बताया कि देवउठनी एकादशी के पावन अवसर एवं बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर श्याम मंदिर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन रखा गया। सुबह 7:00 बजे एवं 9:30 बजे तथा दोपहर 12:00 एवं रात्रि 12:00 बजे बाबा श्याम की विशेष आरती की गई। इसके साथ ही शाम को 7:00 बजे महाआरती का आयोजन रखा गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओ ने सहभागिता की। सुबह 7:30 बजे श्री खाटू श्याम से लाई ज्योत से मंदिर की ज्योत प्रज्वलित कर शाम को 7:00 बजे देव शक्ति जागरण किया गया। दोपहर 2:00 बजे भगवान शालिग्राम और मां तुलसी के विवाह की प्रक्रिया पारंपरिक रीति रिवाज और धार्मिक रूप से विधिवत संपन्न की गई। इसके अलावा पुष्प वर्षा,छप्पन भोग, इत्र वर्षा आदि के आयोजन के साथ भव्य आतिशबाजी कर बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 7 क्विंटल साबूदाने की खिचड़ी की प्रसादी का वितरण हुआ।रात्रि में गुंज म्यूजिकल ग्रुप इंदौर के कलाकार मोहन और मयूर द्वारा मधुर श्याम भजनों और श्याम संकीर्तन की प्रस्तुति दी गई।

# छावनेश्वर महादेव मंदिर पर सर्व ब्राह्मण समाज प्रखंड का अन्नकूट

**समाजजनो द्वारा महादेव का रूद्राअभिषेक और भगवान परशुराम का पूजन किया**



**सरदारपुर।** नगर के छावनेश्वर महादेव मंदिर पर सर्व ब्राह्मण समाज तहसील सरदारपुर प्रखंड का अन्नकूट महोत्सव कार्यक्रम किया गया। सरदारपुर प्रखंड के आयोजन में राजगढ़, दसई, राजोद, अमझेरा प्रखंड के पदाधिकारी शामिल हुए। सर्व ब्राह्मण समाज के तहसील अध्यक्ष रवि त्रिवेदी भोपावर ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव के कार्यक्रम के शुरुआत पहले समाजजनो द्वारा छावनेश्वर महादेव का आचार्य पंडित प्रदीप मिश्रा, दिनेश शास्त्री द्वारा विधि-विधान मन्त्रोचार के साथ रुद्राअभिषेक किया गया, भगवान परशुराम का पूजन होने बाद भजन कीर्तन किए। गायक पंडित श्रीकांत उपाध्याय, पंडित अजय भट्ट द्वारा संगीतमय भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई, शानदार भजनों पर समाज के भक्तजन भावविभोर हुए। तहसील अध्यक्ष त्रिवेदी ने बताया कि दोपहर 2 बजे छावनेश्वर महादेव, भगवान परशुराम की बड़ी संख्या में समाजजनो की मौजूदगी में महाआरती उतारकर 56 भोग लगाकर समाजजनो द्वारा महाप्रसादी ली गई।

***ब्राम्हण समाज से यह रहे मौजूद*** - समाज के वरिष्ठ पंडित चांदनारायण भट्ट, सेवानिवृत एसडीओपी ऐश्वर्य शास्त्री, डॉ नितीन जोशी अशोक कुमार पंडित, अशोक शर्मा, ओमप्रकाश तिवारी, सुभाष चतुर्वेदी, अशोक तिवारी, जयप्रकाश शर्मा, संजय दिक्षित सूर्यप्रकाश पंडित,

**सफल आयोजन में इनका रहा सहयोग***- केपी शर्मा, राजेश दिक्षित, आशीष त्रिवेदी, भूपेंद्र जोशी, राकेश शर्मा, आंशु शर्मा, मुकेश मिश्रा, हर्ष तिवारी, वैभव व्यास, सुदीप तिवारी, राकेश अग्निहोत्री, नवदीप व्यास अंकुश तिवारी, संतोष शर्मा, प्रेमनारायण जोशी, सत्यनारायण व्यास, अंजनी शर्मा, आदि का सराहनीय सहयोग रहा। जानकारी सर्व ब्राह्मण समाज के तहसील मिडिया प्रभारी लक्ष्मण तिवारी ने दी।



## जल संसाधन विभाग के सुरेन्द्र भट्ट की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह

**सरदारपुर। माही मार्ग के पास जल संसाधन विभाग के बड़े बाबू पंडित सुरेन्द्र भट्ट राजगढ शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए हैं। सेवानिवृत्त होने पर विभाग परिवार द्वारा भावभीनी बिदाई दी गई। बिदाई समारोह के दौरान भट्ट का उपयंत्री प्रियंका डांवर, प्रवीण रावल, निकिता डकारे, कमलकिशोर परमार शम्भु पंवार, आदि द्वारा स्वागत सम्मान करके सेवानिवृत्त पंडित भट्ट के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए अपने विचार रखे गए।**

इस मौके पर भट्ट परिवार से पत्नि संगीता भट्ट, जयश्री अजय भट्ट भी कार्यक्रम मे शामिल हुए। सेवानिवृत्त पर भट्ट ने उदबोधन में कहाँ कि मेरे सेवा कार्यकाल में जो भी भूलचूक गल्ति हुई क्षमा करें, आप सभी का हमेशा मेरे प्रति स्नेह प्रेम रहा, यही प्रेम स्नेह आगे भी बना रहे। भट्ट ने बताया कि सेवानिवृत्त तो हो रहा हूँ, जरुरत पडने पर आप सभी के लिए सेवा के लिए समर्पित रहूंगा।



## 80 गांव पाटीदार समाज द्वारा सरदार पटेल जयंती मनाई

**मनावर ।** 31 अक्टूबर 2025 को देश के प्रथम गृहमंत्री, उप प्रधानमंत्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,अखंड भारत के शिल्पकार, लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पूरे पाटीदार समाज द्वारा उत्साहपूर्वक धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम बड़वानी में पाटीदार छात्रवास समिति अध्यक्ष देवराम पाटीदार एवं समाज के विभिन्न संगठनों के द्वारा मुख्य मार्ग पर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का पूजन अर्चन एवं माल्यार्पण किया गया।ज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी ने भी सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ।इसके पश्चात समाज के विभिन्न संगठनों, पाटीदार समाज संगठन जिला । बड़वानी-धार, पाटीदार समाज शिक्षा महासंघ जिला बड़वानी-धार, पाटीदार समाज छात्रावास समिति जिला । बड़वानीी-धार, पाटीदार सेवा साख सह. संस्था बड़वानी, पाटीदार समाज तहसील संगठन मनावर,कुक्षी एवं अंजड, सरदार पटेल युवा संगठन जिला बड़वानी एवं सरदार पटेल युवा संगठन तहसील मनावर,कुक्षी एवं अंजड़ के पदाधिकारियो एवं समाजजनों ने ग्राम गणपुर में सरदार पटेल चौराहे पर स्थित सरदार पटेलजी की प्रतिमा का पूजन-अर्चन कर माल्यार्पण किया गया। ग्राम करौली में ग्राम पंचायत भवन में स्थित विशाल सरदार पटेल के प्रतिमा पर सभी संगठनों एवं ग्राम करौली के समाज जनों ने पूजा पूजन एवं माल्यार्पण किया। सरदार पटेल जयंती के अवसर पर आज मनावर में सरदार पटेल युवा संगठन तहसील मनावर के तत्वावधान में मनावर तहसील के समस्त समाजजनो एवं जिले के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमा तक पैदल एकता रैली निकाली गई ।इस अवसर पर समाज के जिला अध्यक्ष रामनारायण मोदी एवं पाटीदार समाज से भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार द्वारा समाज को सरदार पटेल के बताए रास्ते पर चलने का अनुरोध किया गया। भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष धार चंचल पाटीदार सुसारी ने विशेष सहभागिता की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामनारायण मोदी, पाटीदार समाज बैंक अध्यक्ष जगदीश एग्रो, छात्रावास समिति अध्यक्ष देवराम जी पाटीदार डोंगरगांव, पाटीदार समाज शिक्षा महासंघ अध्यक्ष राजकुमार पाटीदार धुलसर, मोहनजी भंवरिया, विठ्ठल मामा सरदार पटेल युवा संगठन जिला बड़वानी अध्यक्ष नारायण पाटीदार, सरदार पटेल युवा संगठन तहसील मनावर अध्यक्ष पीयूष पाटीदार आदि थे।

**एक नजर** ▶ ग्राम मुहाजा में निकाला पथ संचलन युवाओं ने उत्साह से भाग लिया

## संघ का स्वयंसेवक हर विपदा में राष्ट्र कार्य के लिए खड़ा है : जिला प्रचारक शर्मा



**टांडा( धार )-** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अम्बासोटी मण्डल का पथ संचलन शनिवार को श्री हनुमान मंदिर मुहा?ा से निकला । जिसमें सैकडों की संख्या में स्वयंसेवक कदम ताल मिलाते हुए राष्ट भक्ति के गीत गाते हुए चल रहे थे। पथ संचलन विभिन्न मोहल्लों में भृमण करते हुए पुन: श्री हनुमान मंदिर परीसर पहुचा। जहाँ पर बोद्धिक हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कुक्षी जिला प्रचारक मुकेश शर्मा थे। थे। मंचासीन अतिथि समाजिक कार्यकर्ता धूमसिह चौहान व उपखण्ड कार्यवाह संजय मेहता थे। अन्य अतिथि टाण्डा खंड संघचालक अजय माहेश्वरी, कुक्षी जिला ग्राम विकास संयोजक मालसिंह चौहान थे। मुख्य वक्ता श्री शर्मा ने कहा की संघ ने अपने 100 वर्ष पूरे कर लिए है। इस शताब्दी वर्ष में संघ समाज में पंच परिवर्तन के लिए काम करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन की नींव को और मजबूत करना चाहिए संघ जितना मजबूत होगा, समाज और देश भी उतना ही शक्तिशाली होगा। भगवान बिरसा मुंडा,टंट्या मामा,महाराणा प्रताप, संत रविदास, शबरी माता संपूर्ण हिंदू समाज के लिए पूजनीय हैं। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी संस्कृति का पालन करना चाहिए,

पुराने समय से हमारा समाज बाप देव, सिंगाजी, डूंगर बाबा को पूजता आ रहा है। छोटे छोटे कार्यों से भी देशसेवा की जा सकती हैं।बिरसा मुंडा और टंट्या मामा का आक्रांताओं को भगाने में बहुत बड़ा योगदान था। संघ ने आपातकाल का विरोध किया, कारसेवा में भी स्वयंसेवकों का योगदान था। चीन से युद्ध में सेना की हर मदद के लिए स्वयंसेवक खड़े रहे। हर घर हर मोहल्ले फलिये में भगवान बिरसा मुंडा, टंट्या मामा के विचारों पर चलने वाले लोग साथ आने चाहिए। श्री शर्मा ने कहा जो लोग समाज की परंपरा और संस्कृति से भटक गए हैं उनको पुन: समाज की परंपरा संस्कृति से जोड़ना चाहिए। प्रत्येक स्वयंसेवक अपने कुटुंब के साथ ही समाज में प्रत्येक गतिविधियों जेसे नागरिक अनुशासन,पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन , सामाजिक समरसता, स्वदेशी आदि के कार्य करेगा। जिसकी प्रेरणा हमे हमारी एक घण्टे की नित्य दैनिक शाखा से मिलेगी। पथ संचलन को लेकर स्वयंसेवको में काफी उत्साह था।